नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का जताया आभार

टोंक। भारतीय जनता पार्टी टोंक के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान ने देवली-उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल एंव पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर, राजेन्द्र पराणा, सतीश चन्देल, पूर्व नगर परिषद सभापति लक्ष्मी जैन, जिला महामंत्री दीपक संगत, पूर्व मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता, महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रमा चौधरी, के निवास पर जाकर नव दायित्व के लिए सभी का आभार व्यक्त कर मार्गदर्शन लिया। साथ ही संगठन के साथ जुडे हुए वरिष्ठ एंव पार्टी के कार्यकर्ताओं का पूरी निष्ठा के साथ संगठन को एकजुट व मजबूती देने का विश्वास व्यक्त किया। राष्ट्रीय एंव प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महावीर गुर्जर, बनवारी चौधरी, धोलू गुर्जर, नारायण धाकड, अंकित डाबर, बबलू टेंकर, रामनिवास गुर्जर, प्रभू बाडोलिया, विष्णु शर्मा, पूर्व युवा मोर्चा जिला महामंत्री शेलेन्द्र चौधरी, रमाकान्त शर्मा, सरपंच दिलिप सिंह नरूका, गणेश सिंह पंकज पहाडिया इत्यादि भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त की।

नारायणपुर में स्कूल भवन के लिए दान की भूमि

नारायणपुर। कस्बे की ज्ञानसिंह की ढाणी में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को आखिरकार भवन निर्माण के लिए अपनी भूमि मिल गई। अब तक यह विद्यालय स्थान की कमी के कारण बावड़ी की भूमि पर संचालित हो रहा था,जिससे इसके विकास में बाधाएँ आ रही थीं।मंगलवार को ज्ञानसिंह की ढाणी निवासी भामाशाह कौशल्या देवी पत्नी गणपत गुर्जर ने शिक्षा के उत्थान के लिए एक सराहनीय कदम उठाते हुए करीब3.54 बिस्वा भूमि विद्यालय के नाम दान कर दी। यह प्रक्रिया तहसीलदार अनिल कुमार की उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार गुर्जर के जरिये संपन्न हुई। तहसीलदार ने भी इस नेक कार्य को प्राथमिकता देते हुए मात्र10मिनट में भूमि की रजिस्ट्री पूरी कर दी। विद्यालय में भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध न होने के कारण लंबे समय से विकास कार्यों के लिए बजट स्वीकृत नहीं हो पा रहा था। अब जब विद्यालय को भवन निर्माण के लिए भूमि मिल गई है,तो जल्द ही नया स्कूल भवन बनने की संभावना है,जिससे छात्रों को बेहतर शैक्षिणक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। विद्यालय के लिए भूमि दान करने पर स्थानीय ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने भामाशाह कौशल्या देवी का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और इस पुण्य कार्य के लिए आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि उनका यह योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए एक अनमोल उपहार है और इससे क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

■ प्रक्रिया तहसीलदार अनिल कुमार की उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार गुर्जर के जरिये संपन्न हुई।

भामाशाह कौशल्या देवी पत्नी गणपत गुर्जर ने स्कूल के लिए भूमि दान की।

सामूहिक विवाह समिति की कार्यकारिणी घोषित

टोंक। अखिल भारतीय चौरासी च्यवन गौड ब्राह्मण महासभा समिति राज. की बैठक ग्राम लहन में महासभा समिति अध्यक्ष राजेन्द्र तिवाड़ी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें महासभा समिति कार्यकारिणी घोषित की गई। समाज की सर्वसम्मती से च्यवन गौड ब्राह्मण समाज का आगामी 23वाँ सामूहिक विवाह सम्मेलन लहन गांव में बुद्धपीपल पूर्णिमा 12 मई 2025 सोमवार को आयोजित किया जाना तय हुआ। कार्यकारिणी की घोषणा के बाद कार्यकारिणी सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई दी। कार्यकारिणी की घोषण पर सदस्यों ने खुशी जताई।

इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसहमति से संरक्षक पद पर बाबूलाल उपाध्याय, अध्यक्ष रतन लाल व्यास (पूर्व सरपंच) लहन, सचिव गोविन्द नारायण व्यास, हनुमान थानेदार बोटूंदा व कोषाध्यक्ष पद पर बालूराम व्यास, कैलाश उपाध्याय का मनोयन किया गया। ग्रामवासियो ने सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के पदाधिकारियों को माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया।

सार-समाचार

भूमि अतिक्रमण मुक्त

कोटपूतली में अतिक्रमण हटाती नगर परिषद की टीम।

कोटपूतली। जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को कोटपूतली के गंगासागर तालाब के पास अंबेडकर कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर के पास खाली भूमि पर किए गए अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया। जिला कलक्टर कल्पना अठावाल के निर्देश पर नगर परिषद की टीम ने भूमि पर अवैध रूप से किए गए निर्माण को हटाने की कार्यवाही की उल्लेखनीय है कि जिला कलक्टर को शिव मंदिर के पास की भूमि पर अवैध रूप से चारदीवारी निर्माण की सूचना मिलने पर उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर के निर्देश पर नगर परिषद की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची और चारदीवारी ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया। कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के एएक्सईएन दीपक मीणा, एईएन मुकेश सैनी, जेईएएन भादर सिंह यादव और फायर ऑफिसर सत्यनारायण सिंह के साथ नगर परिषद का पूरा अमला मौके पर मौजूद रहा। अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा।

पदयात्रा 5 मार्च को

मनोहरपुर। कस्बे से दिनांक 18 फरवरी को श्री श्याम परिवार सेवा समिति मनोहरपुर के तत्वावधान में द्वितीय विशाल निशान पदयात्रा 5 मार्च से रवाना होगी। जो की खाटू श्याम दरबार को 8 मार्च को पहुंचेगी। इस दौरान आयोजक कमेटी सदस्यों ने बताया कि दिनांक 5 मार्च बुधवार को वामन देव मन्दिर से भव्य आरती के साथ सुबह दस बजे धूमधाम से बैण्ड बाजे, डीजे , संजीव झाकियां एवं भव्य आतिशबाजी के साथ खाटू वाले श्याम प्रभू की मनमोहक झांकी के साथ नगर की परिक्रमा करते हुए खाटूधाम के लिए प्रस्थान करेगी ।पदयात्रा मे महिलाएँ भी भाग लेगी। पदयात्रा में भोजन, अवासीय, बिस्तर व आने जाने की व्यवस्था मण्डल द्वारा की जायेगी।यात्रा मे चमड़े के जूते-चप्पल, बेल्ट व चमड़े का पर्स निषेध है। पदयात्रा में शामिल होने वाले भक्त अपना पंजीकरण एक मार्च दो हजार पच्चीस शनिवार तक करवा लेवें। पंजीकरण शुल्क 751 रुपए हैं।

फार्मर रजिस्ट्री शिविर 27 से

श्रीमाधोपुर। राज्य सरकार के आदेशों की पालना में उपखंड अधिकारी के आदेशानुसार 27 फरवरी से 1 मार्च तक ग्राम पंचायत गढटकनेत में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसका समय प्रात: 9.30 बजे से सांय 5.30 बजे तक रहेगा। किसानों को अपने साथ अपना आधार कार्ड एवं जमाबंदी की नकल लानी पड़ेगी।आधार से लिंक मोबाइल नम्बर बताने पड़ेंगे। शिविर में तीन काउंटर लगेंगे जिसमें पहले काउंटर पर ग्राम विकास अधिकारी विनोद कुमार एवं कनिष्ठ सहायक रवि कुमार रहेंगे।दूसरे काउंटर पर गिरदावरी धन्नाराम वर्मा, पटवारी विनोद कुमार मरोड़िया और पटवारी गुड्डी मीणा रहेंगे तथा तीसरे काउंटर पर कृषि पर्यवेक्षक सुमन दुसाध एवं कम्प्यूटर आपरेटर स्मृति शर्मा रहेंगी । तीनों ही काउंटरों पर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री से सम्बंधित कार्यों का निपटारा किया जाएगा।

दो आरोपी गिरफ्तार

नारायणपुर। थाना क्षेत्र में पॉक्सो के तहत दर्ज एक मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि 11 फरवरी को पीड़िता के पिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, पुलिस ने मामले की जांच के बाद मंगलवार को कोला का बास निवासी कपिल कुमार जाट उम्र 21 वर्ष और संदीप जाट उम्र 25 वर्ष को पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया हैं। दोनों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

कनिष्ठ लेखाकार बनने पर स्वागत

श्रीमाधोपुर। तीन सखियों का कनिष्ठ लेखाकार पद पर हुआ चयन ,चयन होने पर कन्या महाविद्यालय द्वारा स्वागत किया गया । राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीमाधोपुर के प्राचार्य डॉ.सांवर मल जाट ने बताया कि बचपन से सखी प्रियंका चौधरी निवासी लाखनी रींगस, हंसा चौधरी निवासी लाखनी, रींगस एवं तराना चौधरी निवासी मालाकाली,रींगस का कनिष्ठ लेखाकार पद पर चयनोपरान्त उपकोष कार्यालय श्रीमाधोपुर से प्रशिक्षण के लिए पधारने पर राजकीय कन्या महाविद्यालय श्रीमाधोपुर के महाविद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया ।

टीचिंग लर्निंग मैटेरियल वितरित

निवाई। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में कक्षा 1 से 5 के सभी विद्यार्थियों को टीचिंग लर्निंग मैटेरियल का वितरण किया गया। प्राचार्य देवेंद्रपाल सिंह ने बताया कि पीएम श्री योजना अंतर्गत टी एल एम निर्माण गतिविधि के लिए विभाग द्वारा कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों को टीएलएम किट दिया जाना था। स्थानीय शाला के 28 विद्यार्थियों को किट वितरित किए गए। इसी के साथ विद्यालय के अध्यापकों को भी टीएलएम निर्माण हेतु किट दिए गए। किट के माध्यम से विद्यार्थी और शिक्षक को शिक्षण में नवाचार करने के अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर शाला के उपाचार्य रामकिशन विजय, प्रभारी सुमन विजय, प्रहलादराम गुर्जर व अनीता पारीक उपस्थित रहे।

श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन की तैयारी अंतिम चरण में

पावटा। महाशिवरात्रि पर्व पर बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा में 25 फरवरी मंगलवार से मंदिर प्रांगण में 25 से 4 मार्च तक श्रीमद्भागवत कथा व मानस प्रवचन का भव्य आयोजन होने वाला है। प्रख्यात कथावाचक पंडिता अखिलेश्वरी देवी मानस माधुरी जालौन चित्रकूट धाम मध्यप्रदेश 9 दिन तक भागवत प्रेमियों को भागवत के सभी प्रसंगों का उल्लेख कर श्रद्धालुओं का आनंदित करेंगे।श्रीमद्भागवत कथा व मानस प्रवचन का आयोजन आयोजक भगवती देवी, विमल गर्ग, नवल गर्ग, केशव कमल गर्ग एवं बाबा भूतनाथ कमेटी जोहड़ा धाम संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज व अध्यक्ष विकास शर्मा, कमेटी पदाधिकारियों व सदस्यों ने बताया कि महंत मंगलदास महाराज, जयरामदास महाराज, सेवादास महाराज, विधायक बाल मुकुंदाचार्य के कर कमलों द्वारा मंगल चंद पवन कुमार गर्ग कैलाश क्लॉथ स्टोर के पावन सान्निध्य एवं बाबा भूतनाथ मंदिर कमेटी पावटा के संयोजन में होगा। आयोजक विमल गर्ग व संयोजक बाबा भूतनाथ कमेटी जोहड़ा धाम संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज व अध्यक्ष विकास शर्मा ने बताया कि कथा के आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो गई है। पंडाल निर्माण कार्य अंतिम रूप ले रही है। कथा स्थल पर ही मंदिर में भव्य झांकी सजाई जा रही है। कथा में आने वाले श्रद्धालु मंदिर में भगवान का दर्शन कर सकेंगे। 25 फरवरी से 3 मार्च तक कथा दोपहर दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। कथा के दौरान हर दिन कथा के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कथा पंडाल का निर्माण बड़े आकार में कराया जा रहा है। पूर्व के आयोजनों में अत्याधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए इस बार पंडाल मे ज्यादा से ज्यादा लोगों के बैठकर कथा सुनने की व्यवस्था की गई है वही कलश यात्रा मार्ग में साफ सफाई व्यवस्था जारी है। वहीं कथा से पूर्व 25 फरवरी को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा पावटा सुभाष चौक स्थित केशव सागर धर्मशाला से निकलकर कथा स्थल बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा पहुंचेगी। कलश यात्रा में तय की जाने वाली दूरी 1.5 किलोमीटर के करीब होगी।

उद्योग मेले का समापन

निवाई। जैन सखी संगठन निवाई के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय महिला सशक्तिकरण उद्योग मेले के समापन पर लोगों ने जमकर खरीददारी की। पहली बार महिलाओं द्वारा लगाए गए मेले को लेकर लोगों में भारी उत्साह बना रहा। संगठन अध्यक्ष ममता सांवलिया एवं पदमा मित्तल ने बताया कि उद्योग मेले में रीना जैन ने स्वयं ने अपने हाथों से तैयार सैंडविच, कैक, चॉकलेट, आईसक्रीम, ब्राउनी-पिज्जा व वोफल सहित कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाए। रजनी अठावाल ने अपने स्टॉल पर टिकीया, चाऊमीन, पपडी चाट, पताशी बर्गर व दाल पकवान सहित कई प्रकार के व्यंजन तैयार किए।

इसी प्रकार हेमा बनेठा ने अपने स्टॉल पर हथकरधा से बने हुए कुर्ती, धोती, दुपटटे, साडियां, रूमाल, नेपकिन व अहिंसात्मक सहित कई प्रोडक्टों का विक्रय किया। जिसे खरीदने के लिए लोग उमड़ पड़े।

पावटा शहर में बढ़ रही चोरी की वारदातें

पावटा। कस्बा सहित आस पास के क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद है। जिसके चलते शहर से लेकर गांव तक चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। घटना को अंजाम देने के बाद चोर आसानी से निकल भागते है, लेकिन पुलिस निष्क्रिय बनी हुई है। पिछले एक महीने से चोरी की वारदातें बढ़ी हैं। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में अनेक स्थानों पर चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस किसी भी घटना से पर्दा उठाने में नाकाम ही रही है। घटनाओं के बाद पुलिस के पास खाली लकीर पीटने के अलावा कुछ भी हाथ नहीं लग पा रहा है। पिछले एक माह में दुकानों व घरों में चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते यहां वारदातें बढ़ रही हैं। कहा कि पुलिस रात को गश्त के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। पुलिस की सक्रियता बढ़ती है, तो आए दिन शहर में वारदातों को अंजाम दे रहे चोरों को आसानी से पकड़ा जा सकता है। वहीं शहर में इन दिनों बाइक चोर सक्रिय हैं। पिछले कुछ दिनों के आंकड़ों पर गौर करें तो बाइक चोरी की वारदात में एकाएक इजाफा हुआ है। शहर का ऐसा कोई इलाका नहीं है, जहां से बाइक चोरी ना गई हो। भीड़भाड़ और मुख्य बाजार के इलाकों से तो बाइक नजर फेरते ही गायब हो रही हैं। शहर में बाइक चुराने वाला गिरोह सक्रिय है और पुलिस इस मामले में निष्क्रिय बनी हुई है। पुलिस की निष्क्रियता का ही चोर गिरोह फायदा उठा रहा है। बाइक चुराने के बाद चोर इन वाहनों को कहां खपा रहे हैं, यह जांच का विषय है। शहर से प्रतिदिन दो-तीन बाइक की चोरी हो रही है।

बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक आयोजित

कोटपूतली। जिला कलक्टर कल्पना अठावाल की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बजट 2024-25 घोषणाओं की क्रियान्वित की समीक्षा एवं आगामी बजट प्रस्तावों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं की प्रगति एवं विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग बजट घोषणाओं की क्रियान्विति समय पर करते हुए सरकार की मंशानुरूप त्वरित रूप से कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बजट घोषणा की मॉनिटरिंग विभागीय स्तर पर करते हुए जिला स्तरीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदारी के साथ कार्य पूरा करायें।

उन्होंने कहा कि समस्त विभाग बजट घोषणाओं की प्रगति की अपडेटेड रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने पीएचईडी को बजट 2024-25 में हर घर जल की संकल्पना को पूरा करने के लिए की गई ट्यूबवेल एवं हैंडपंप सहित अन्य घोषणाओं को समयबद्ध पूर्ण करने, सार्वजनिक निर्माण विभाग को जिले में बजट के तहत स्वीकृत सड़क निर्माण व पेचवर्क कार्य गुणवत्ता के साथ करने एवं समाज कल्याण विभाग को देवनारायण छात्रावास एवं वर्किंग वूमेन हॉस्टल के निर्माण कार्य की प्रगति में गति लाने सहित परिवहन, स्वास्थ्य, स्वायत शासन विभाग को लक्ष्यानुरूप कार्य करने को कहा। जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी गंभीरता से लेते हुए सभी राजकीय दायित्वों को निष्ठा पूर्ण तरीके से करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी बजट घोषणाओं की क्रियान्वित सरकार की मंशा अनुसार विहित समय में हो ताकि आमजन को जल्द से जल्द विकास कार्यों का लाभ मिलना सुनिश्चित हो। उन्होंने आगामी बजट के मद्देनजर समस्त विभागों को स्थानीय आवश्यकतानुसार जिले के विकास को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव भिजवाने को कहा। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास यादव, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

■ 'राजकीय दायित्वों को गंभीरता से लेते हुए सभी बजट घोषणाओं को विहित समय में पूरा करें'

समाधि दिवस मनाया

निवाई। जैन सखी महिला संगठन के तत्वावधान में सन्त शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज का समाधि महोत्सव मनाया गया। सखी महिला मण्डल की अध्यक्ष ममता सांवलिया एवं पदमा मित्तल ने बताया कि सर्वप्रथम विद्यासागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं चित्रानावरण मुख्य अतिथि दीपक गुप्ता एवं पंडित सुरेश के शास्त्री ने किया। शिप्रा जैन एवं नीलम जैन ने बताया कि विद्या गुरु स्मृति आराधना महोत्सव कार्यक्रम में आचार्यश्री की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं विनयांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें सभी लोगों ने आचार्यश्री के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के दौरान विज्ञातीर्थ कार्याध्यक्ष सुनील भाणजा, समाज सेवी हितेश छाबड़ा, त्रिलोक सावलिया, मुकेश बनेठा, डॉ राहुल सिरस, दिनेश शिवाड, हेमराज जैन, पवन भाणजा, शैलेंद्र गिंदोडी, अनीता जैन, आशा जैन, दिव्या जैन, संजू जैन, मुन्नी भाणजा व हेमा जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

'कार्य संतोषजनक नहीं होने पर पटवारियों पर होगी कार्यवाही'

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला सचिवालय पर जिले के सभी उपखंड के अधिकारियों के सहित तहसीलदार, पंचायती राज व नगरीय निकायों के अधिकारियों की अहम बैठक आयोजित हुई गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने विभिन्न विकास योजनाओं के साथ पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत तथा नगर निकाय पुनर्गठन कार्य के प्रस्तावों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत पुनर्गठन कार्य तथा नगर निकाय पुनर्गठन कार्य के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी क्षेत्र एक साथ नगर निकाय और ग्राम पंचायत दोनों में सम्मिलित न हो इस बात का विशेष ख्याल रखते हुए विभागीय समन्वय के तहत क्षेत्र विभाजन सुनिश्चित करे। साथ ही उन्होंने नगर परिषद तिजारा के प्रस्ताव को शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। जिले में ग्राम पंचायतों पर लगाएं जा रहे फार्मर रजिस्ट्री शिविरों की प्रगति को बढ़ाये जाने तथा अधिक से अधिक किसानों को इन शिविरों से जोड़ने के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा जिससे राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों को शिविरों में योजनाओं का अधिकतम लाभ मिले। इसके लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाने की भी बात कहते हुए जोर दिया।

बैठक में जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की समीक्षा की। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का निस्तारण जनसुनवाई के सात दिन के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निस्तारण की गुणवत्ता एवं समयसीमा पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया।

शाहपुरा को सौगात दिलाने के लिए मंत्री को पत्र भेजा

मनोहरपुर। प्रदेश में वर्ष 2025-26 का बजट आज वित्त मंत्री व उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा पेश किया जायेगा। शाहपुरा कांग्रेस विधायक मनीष यादव अपने विधानसभा क्षेत्र में आम जनता को सहूलियत और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने को लेकर प्रयासरत हैं, जिसको लेकर कई बार राज्य सरकार से मांग करते आ रहे हैं। विधायक ने योजनाओं को शामिल करने लेकर वित मंत्री को डिमांट भी भेजा था, जिससे क्षेत्र को विभिन्न सौगात मिल सके। विधायक ने बजट घोषणा में शाहपुरा में आस-पास की तहसीलों को शामिल कर जिला बनाने, शाहपुरा के बांधों को ईआरसीपी में जोड़ने, एडीएम व एएसपी कार्यालय खोलनें, अमरसर व खेजरोली में उपखण्ड कार्यालय खोलने, अरमसर,मनोहरपुर,खेजरोली उपतहसील को तहसील में क्रमोन्नत करने, ग्राम पंचायत खेजरोली को नगरपालिका बनाने, निकाय शाहपुरा व मनोहरपुर में सीवरेज व ड्रेनेज सुविधा देने, अमरसर पंचायत समिति बनाने, शाहपुरा आगार को पृथक से वित्तीय शक्तियां प्रदान करने, शाहपुरा में बस स्टेण्ड बनाने, संजय वन का पुनवार्स करने, उपजिला अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने व ब्लड स्टोरेज को ब्लड बैंक में क्रमोन्नत करने पर जोर दिया है। वहीं खेजरोली, मनोहरपुर व देवन में सहशिक्षा का महाविधालय खोलने, महिला महाविधालय शाहपुरा में यूजी/पीजी स्तर पर नवीन संकाय खोलने, विधि महाविधालय खालने, सीएचसी मनोहरपुर व खेजरोली को उपजिला अस्पताल/100 बैड करने, उपस्वास्थय केन्द्र तिगरिया, बिशनगढ को प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र में क्रमोन्नत, पीएचसी देवन, हाथनोदा,एएनएम जिला प्रशिक्षण केन्द्र अमरसर के भवन व हॉस्टल का जीर्णोद्वार करने, महिला अस्पताल खोलने, राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय शाहपुरा व खेजरोली को जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, अमरसर, बिलांदरपुर व राडावास में नवीन आयुर्वेद औषधालय खोलने, राजकीय आयुर्वेद औषधालय मनोहरपुर को चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, लोबडावास, रावपुरा, परमानपुरा, अमरपुरा, कुम्भावास, हनुतपुरा (ग्रा.प. खोरालाडखानी), जोधपुरा, कल्याणपुरा (ग्रा.प. हनुतिया) में पशु चिकित्सा उप केन्द्र खोलने, पशु चिकित्सा उप केन्द्र हाथनोदा, धवली, चतरपुरा व राजपुरा को पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, पशु चिकित्सालय खेजरोली, तिगरिया व नवलपुरा को प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, कृषि एंव अनाज मंडी का विस्तार करने, कस्बा शाहपुरा में बाईपास के लिए राशि स्वीकृत करने को लेकर विधायक में कई बार राज्य सरकार को अवगत करवाया है। इसके साथ ही कांग्रेस विधायक ने क्षेत्र में मिंसग लिंक सडकों की घोषणा का उल्लेख किया।

कलेक्टर ने बजट घोषणाओं पर स्थिति की ली जानकारी

टोंक। जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने मंगलवार को राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति पर जिला स्तरीय अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टर ने एक-एक बजट घोषणाओं पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से अपडेट स्थिति की जानकारी ली। साथ ही, अधिकारियों से कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में तेजी लाएं, ताकि आमजन को इन घोषणाओं का लाभ समय पर मिल सके।

जिला कलेक्टर ने भूमि आवंटन, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निविदा आमंत्रित जारी करने की तिथि, कार्यादेश जारी करने की स्थिति, कार्य प्रारंभ एवं प्रगति को लेकर विस्तार से अधिकारियों से चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर बाधा उत्पन्न होने पर उच्चाधिकारियों के संज्ञान में प्रकरण को लाया जाए, ताकि कार्य को गति प्रदान की जा सके। बैठक में एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीणा, सीईओ परशुराम धानका, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीन मोहम्मद, महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सरोज मीणा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नालोट को ग्राम पंचायत बनाने का दिया ज्ञापन

राजस्व ग्राम नालोट को ग्राम पंचायत बनवाने के लिए उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर को ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया।

श्रीमाधोपुर। राजस्व ग्राम नालोट को ग्राम पंचायत बनवाने के लिए उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर को ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया ।

ग्राम नालोट ग्राम पंचायत जोरावरनगर पंचायत समिति श्रीमाधोपुर का राजस्व ग्राम है जो आजादी के बाद भी मुलभुत सुविधाओं से वँचित है एक प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन दिया।

इस मौके पर भाजयुमो नेता चंद्रभान सैन नालोट,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कनिष्क,एडवोकेट जगदीश प्रसाद गुर्जर, कृष्ण भड़ाणा, चौथमल मीणा, अनिल गुर्जर,राहुल मीणा, राहुल जांगिड़ युवा प्रकोष्ट जांगिड़ महासभा , कैप्टन हरसाय भड़ाणा, कैलाश मीणा धर्मवीर सिंह गुर्जर प्रदेश भाजपा राजस्थान किसान मोर्चा जयपुर सम्भाग मिडिया प्रभारी आदि मौजूद थे।

■ ग्राम नालोट ग्राम पंचायत जोरावरनगर पंचायत समिति श्रीमाधोपुर का राजस्व ग्राम है जो आजादी के बाद भी मुलभुत सुविधाओं से वँचित है

खेल स्टेडियम बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में समस्त ब्लॉक अधिकारियों को समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु में पेयजल प्रबंधन, फार्मर रजिस्ट्री शिविर, गिरदावरी कार्य, जनसुनवाई प्रकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में मिनी स्टेडियम आदि विषयों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने ग्रीष्म ऋतु पेयजल प्रबंधन पर जोर देते हुए सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु में अपने क्षेत्र में सुचारू पेयजल व्यवस्था कराने हेतु स्वीकृत बोरवेल को समयबद्ध रूप से करावें। पेयजल योजनाओं को प्रारम्भ कराने के साथ-साथ वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पेयजल टैंकर से आपूर्ति की निविदा प्रक्रिया की भी पेयजल व्यवस्था की नियमित प्रभावी मॉनिटरिंग करें। साथ ही 1 मार्च से फील्ड विजिट कर पेयजल सप्लाई की जांच कर आमजन से पेयजल सप्लाई का फीडबैक लेवे। उन्होंने विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के हर ब्लॉक की 3-3 ग्राम पंचायतो में मिनी खेल स्टेडियम बनाने के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि बोरवेल में वाटर रिचार्ज स्ट्रेक्चर बनाने के प्रस्ताव तैयार कर तीन दिवस में भिजवाना सुनिश्चित करे।